vcvcn

# संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट

अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एंव निर्माण निगम, मसूरी (देहरादून) कुटुम्ब बिहार, ग्राम व पो0 सिनोला, देहरादून के पत्रांक 2409/वन भूमि /19 दिनांक 02–08–2014 के कम में उनके द्वारा आरकेडिया इस्टेट में पुराने सीवर टैंक के पुर्ननिर्माण हेतु अपेक्षित भूमि/क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण किए जाने का अनुरोध किया गया है। तदनुसार श्रीमान प्रभागीय वनाधिकारी, मसूरी वन प्रभाग के पत्रांक 2226/12–1 दिनांक 17–11–2014 के अनुपालन में दिनांक 19–2–2015 को उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एंव निर्माण निगम, मसूरी (देहरादून) के प्रतिनिधि, नगर पालिका, मसूरी के मानचित्रकार व वन विभाग के निम्न अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति में स्थलीय निरीक्षण की कार्यवाही सम्पन्न की गयी है। मौके पर सीवर टैंक की दीवारे टूटी हुई हैं, जो पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हैं।

1. श्री जगमोहन जुवांठा, वन क्षेत्राधिकारी, मसूरी राजि।
2. श्री बलवीर सिंह रावत, वन दरोगा, मसूरी रेंज।
3. श्री सुरेन्द्र प्रसाद भट्ट, वन बीट अधिकारी, मरेस्प्रिंग बीट।
4. श्री आदित्य शाह, मानचित्रकार, नगरपालिका परिषद, मसूरी।
5. श्री गम्भीर सिंह तोमर, सहायक अभियन्ता, उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एंव निर्माण निगम, मसूरी।
6. श्री प्रवीन राज, अपर सहायक अभियन्ता, उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एंव निर्माण निगम, मसूरी।

1. पुराने क्षतिग्रस्त सीवर टैंक का पुर्ननिर्माण आरकेडिया नोटिफाइड इस्टेट क्षेत्रान्तर्गत किया जाना है। उक्त इस्टेट नोटिफाइड इस्टेटों की सूची कमांक 218 पर दर्ज हैं।
2. उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एंव निर्माण निगम, द्वारा कुल 200.00 वर्ग मीटर अर्थात 0.02 है0 क्षेत्र में पुराने क्षतिग्रस्त सीवर टैंक का पुर्ननिर्माण प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई निर्माण प्रस्तावित नहीं है, जिसका विवरण निम्न प्रकार हैः–

| क0सं0 | प्रस्तावित कार्य का विवरण | इस्टेट का नाम | भूमि का स्वरूप | सीवर टैंक की संख्या | प्रस्तावित भूमि की नपत | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | लम्बाई | चौडाई | क्षेत्रफल (व0मी0 में) | क्षेत्रफल (है0 में) |
| 1 | सीवर टैंक | आकेडिया इस्टेट | नोटिफाइड | 1 | 20.00 | 10.00 | 200.00 | 0.02 |

3. आरकेडिया इस्टेट क्षेत्र में पुराने क्षतिग्रस्त सीवर टैंक की जी0पी0एस0 रीडिंग ली गई है। जी0पी0एस0 रीडिंग निम्नवत् हैः–

आरकेडिया इस्टेट N- 30°-27'-34.8" E- 078°-04'-42.0" Hight- 1915 Mt.

4. उक्त पुराने क्षतिग्रस्त सीवर टैंक के आस पास निम्न वृक्ष अवस्थित हैं, जिनका विवरण निम्न प्रकार हैः–

| क0सं0 | प्रजाति | व्यास वर्ग | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | कौल हरा खड़ा | 40–50 | क्षतिग्रस्त सीवर टैंक के अन्दर है, जो पुर्ननिर्माण में बाधक है। |
| 2 | कौल हरा खड़ा | 40–50 | क्षतिग्रस्त टैंक से 1 मी0 दूरी पर स्थित है। |
| 3 | कौल धड़ टूटा | 50–60 | क्षतिग्रस्त टैंक से 1 मी0 दूरी पर स्थित है। |

5. पुराने क्षतिग्रस्त सीवर टैंक के पुर्ननिर्माण हेतु अपेक्षित भूमि न्यूनतम है, तथा इसके अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प नहीं है।

नगर पालिका परिषद, मसूरी के मानचित्रकार एंव उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एंव निर्माण निगम, मसूरी के अधिकारियों द्वारा मौके पर अवगत कराया है कि वर्णित सीवर टैंक 1980 से पूर्व का निर्मित है, किन्तु नगर पालिका परिषद मसूरी में 1980 से पूर्व सीवर टैंक के निर्माण के अभिलेख उपलब्ध नहीं है, पुराने क्षतिग्रस्त सीवर टैंक तक सीवर लाईन पूर्व से बिछी है।

19/2/15
(सुरेन्द्र प्रसाद भट्ट)
वन बीट अधिकारी,
मरेस्प्रिंगबीट।

19/2/15
(बलवीर सिंह रावत)
वन दरोगा,
मसूरी राजि, मसूरी।

(जगमोहन जुवांठा)
वन क्षेत्राधिकारी,
मसूरी राजि, मसूरी।

वन क्षेत्राधिकारी
मसूरी रजि
मसूरी वन प्रभाग, मसूरी

Assistant Engineer
Construction Division
Uttarakhand Peyjal Nigam
Mussoorie (Dehradun)

(गम्भीर सिंह तोमर)
सहायक अभियन्ता,
उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन
विकास एंव निर्माण निगम,
मसूरी।

(प्रवीन राज)
अपर सहायक अभियन्ता,
उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन
विकास एंव निर्माण निगम,
मसूरी।

(आदित्य शाह)
मानचित्रकार,
नगर पालिका परिषद, मसूरी।

प्रभागीय वनाधिकारी
मसूरी वन प्रभाग, मसूरी

नायब तहसीलदार
मसूरी